


चार साल पहले मौसम के सामने बेबस नजर आए थे माही

P10


# देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिंदी दैनिक

www.deshrojana.com

बेबाक सच

वर्ष : 2 | अंक : 163 | मूल्य : 4 रुपये | पृष्ठ : 12 | पलवल | आरएनआई नंबर HARHIN/2021/81389 | मंगलवार | 30 मई 2023


## तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**देश रोजाना, फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से पुस्तकालयों का सतत विकास विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। संगोष्ठी को राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कोलकता और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व अनुमोदित किया गया है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने की। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम से कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार रहें। बीज वक्ता प्रोफेसर के.पी. सिंह पुस्तकालय विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली व निदेशक, गांधी भवन, नई दिल्ली से रहें। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एम.पी. सिंह बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ से रहें। संगोष्ठी के समापन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने की। उन्होंने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए भविष्य में इस तरह की संगोष्ठी में सहायता देने का आश्वासन दिया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर यू.सी.शर्मा, पुस्तकालय विभाग, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा से रहें।